सीकर के दरीबा में बेसमेटल व हनुमानगढ़ के सतीपुरा क्षेत्र में मिले पोटाश के भंडार

चर्चा में क्यों?

22 फरवरी, 2023 को राजस्थान के माइंस, पेट्रोलियम एवं जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को मिनिरल एक्सप्लोरेशन के दौरान सीकर ज़िले के दरीबा में खनिज बेसमेटल के भंडार मिले हैं और हनुमानगढ़ जिले के जोखिया साउथ ब्लॉक और खुनजा नार्थ ब्लॉक में पोटाश के भंडार मिले हैं।

प्रमुख बिंदु

- डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि जीएसआई ने सीकर क्षेत्र में जी 2 स्तर और हनुमानगढ़ के क्षेत्र में जी 3 स्तर की खोज पूरी कर ली है जिससे इन क्षेत्रों में नीलामी की आवश्यक औपचारिकताएँ पूरी कर अब खनन लीज के लिये ऑक्शन की कार्यवाही की जा सकती है।
- उन्होंने बताया कि जीएसआई की रिपोर्ट के अनुसार सीकर ज़िले के दरीबा ब्लॉक में जी 2 स्तर के एक्सप्लोरेशन के परिणाम स्वरुप 33 प्रतिशत कॉपर बेसमेटल के 2.81 मिलियन टन भंडार होने की संभावना है तो दूसरी और नागौर-गंगानगर बेसिन के हनुमानगढ़ के सतीपुरा सब बेसिन में जी 3 के एक्सप्लोरेशन के परिणामस्वरुप खनिज पोटाश के करीब 340 मिलियन टन के भंडार मिले हैं।
- डॉ. सुबोध अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि समयवद्ध कार्ययोजना बनाकर इन ब्लॉकों के ऑक्शन की आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता से पूरी की जाए ताकि बेसमेटल व पोटाश जैसे बहुमूल्य खनिजों का दोहन हो सके, विदेशों से आयात पर निर्भरता कम हो और प्रदेश की राजस्व में बढ़ोतरी हो सके।
- उल्लेखनीय है कि एसीएस माइंस को राज्य व केंद्र सरकार के ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप की बैठक के दौरान जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के उपमहानिदेशक रामजीवन ने एक्सप्लोरेशन रिपोर्ट दी।
- जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के उपमहानिदेशक रामजीवन ने बताया कि प्रदेश में खनिज खोज कार्य खनिज विभाग के साथ ही केंद्र सरकार के जीएसआई, एमईसीएल, आईबीएम सहित संस्थाओं द्वारा एक्सप्लोरेशन रिपोर्ट सबमिट की जाती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/basemetal-in-sikar-dariba-and-potash-deposits-in-hanumangarh-satipura-area